Nai Dunia (Indore), 19th May 2023, Page-02

# लोगों का आयुर्वेद के प्रति रुझान बढ़ा

## आइआइटी के रजिस्ट्रार ने किया अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय का भ्रमण

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। आइआइटी के रजिस्ट्रार शिवाप्रसाद होता और चीफ मेडिकल आफिसर डा. शिल्पा राउत ने गुरुवार को शासकीय अष्टांग आयुर्वेद कालेज एवं अस्पताल का भ्रमण किया। होता ने बताया कि लोगों का आयुर्वेद की और रुझान बढ़ा है। साथ ही आइआइटी इंदौर में विभिन्न बीमारियों के लिए आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगाने के लिए भी आग्रह किया।



आइआइटी के रजिस्ट्रार एवं अन्य को दी गई अस्पताल की जानकारी। ● सौ. संस्थान

- विभिन्न रोगों में आयुर्वेदिक चिकित्सा देने के लिए उपलब्ध संसाधन देखे
- आइआइटी इंदौर में बीमारियों के लिए चिकित्सा शिविर लगाने का आग्रह

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पंचकर्म शल्य विभाग, योग यूनिट, फिजियोथेरेपी, बाल रोग विभाग, काय चिकित्सा विभाग, आंख, नाक-कान-गला रोग विभाग का भ्रमण किया। विभिन्न रोगों में किस प्रकार की आयुर्वेदिक चिकित्सा दी जा रही है, उसके बारे में जानकारी प्राप्त की।

इस दौरान कालेज प्राचार्य डा. अजीत पाल सिंह चौहान, डा. एसके नायक, डा. विमल अरोड़ा, डा. प्रदीप चौहान आदि मौजूद थे।